अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

28 AUG 2023

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **अल्लू अर्जुन ने पुष्पा के लिए 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता**

- 
- 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा गुरुवार को नेशनल मीडिया सेंटर नई दिल्ली में जूरी द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई।
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के जूरी सदस्यों ने फीचर, गैर-फीचर और सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट श्रेणी के लिए पुरस्कार विजेताओं की सूची केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को सौंपी।वर्ष 2021 में पुरस्कारों के लिए 28 भाषाओं की कुल 280 फिल्में प्रस्तुत की गईं।
- फीचर फिल्म में 31 श्रेणियां, गैर-फीचर में 24 और सिनेमा पर पटकथा लेखन में 3 श्रेणियां हैं।
- **69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2023**
- सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म- रॉकेट्री
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - अल्लू अर्जुन (पुष्पा)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - आलिया भट्ट (गंगूबाई काठियावाड़ी) और कृति सेनन (मिमी)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - निखिल महाजन गोदावरी
- सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म - आरआरआर

2. **चंद्रयान-3 का लैंडर जहां उतरा वह जगह बनी शिवशक्ति**

- 
- पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम के सॉफ्ट लैंडिंग वाली जगह को नाम दिया है। पीएम मोदी बेंगलुरू में इसरो वैज्ञानिकों से मिलने पहुंचे थे।
- जिस स्थान पर चंद्रयान -3 का चंद्रमा लैंडर उतरा, उस प्वाइंट को अब 'शिव शक्ति' के नाम से जाना जाएगा.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में ISRO टेलीमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल को शिव-शक्ति बिंदु घोषि किया है

3. **अगस्त 2023 में ग्रीस ने PM नरेंद्र मोदी को अपने दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया**

- 
- ग्रीस की राष्ट्रपति कतेरीना साकेलारोपोलू ने PM नरेंद्र मोदी को 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है
- ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर की स्थापना 1975 में की गई थी, यह पुरस्कार ग्रीस के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्रियों और प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपनी खास ओहदे के कारण ग्रीस को ऊचाईयों पर ले जाने में योगदान दिया है।

4. **23 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की**

- 

- प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जायेगा।
- चंद्रयान-3 को हमेशा यादगार बनाने के लिए पीएम मोदी ने एक विशेष एलान किया है।
- इस एलान में प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को(23अगस्त)नेशनल स्पेस डे यानि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया।
- पीएम ने इसकी घोषणा करते हुए कहा 23 अगस्त को जब भारत ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया उस दिन को हिंदुस्तान नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाएगा।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दिन हमारी वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रगति को मनाया जायेगा।

**5. B20 समिट इंडिया 2023 दिल्ली में शुरू हुआ**




- B20 समिट इंडिया 2023 नई दिल्ली में शुरू हुआ।
- इस महीने की 27 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे.
- शिखर सम्मेलन के पहले दिन, सात सत्र आयोजित किए गए जिनमें बी20 भारत की प्राथमिकताएं और दुनिया के लिए भारत की सिफारिशें, वैश्विक प्राथमिकताओं को संरेखित करना, व्यापार और समाज के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अवसर और नियम, लचीले वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखला और व्यापार मंत्री शामिल थे। ' सत्र।
- शिखर सम्मेलन B20 India R.A.I.S.E: जिम्मेदार, त्वरित, अभिनव, टिकाऊ, न्यायसंगत व्यवसाय के विषय पर आधारित है।

**6. 40 साल में ग्रीस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने मोदी**



- भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ग्रीस की एक ऐतिहासिक यात्रा पर रवाना हुए, जो एक महत्वपूर्ण राजनयिक मील का पत्थर है क्योंकि वह 40 वर्षों में देश में पैर रखने वाले पहले भारतीय प्रधान मंत्री बन गए हैं।
- यह यात्रा भारत और यूनान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने का उद्देश्य रखती है, और यह यूनानी प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस की आमंत्रण पर हुई है।
- **ग्रीस (Greece)-**
- ग्रीस यूरोप महाद्वीप में स्थित है
- राजधानी - एथेंन
- Currency - यूरो

**7. ब्रिटेन ने भारत के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए 'अलाइव विद अपॉर्चुनिटी' अभियान शुरू किया**



- ब्रिटेन की वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री केमी बाडेनोक ने 2030 तक भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने के मकसद से गुरुवार को एक नया 'अलाइव विद अपॉर्चुनिटी' अभियान शुरू किया।
- यह उच्च विकास वाले क्षेत्रों में ब्रिटेन की कंपनियों के लिए लक्षित व्यापार अभियानों की एक श्रृंखला है।
- यह अभियान लोगों, विचारों, संस्कृति और निवेश के परस्पर क्रिया को उजागर करने, बेहतर समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा

**ब्रिटेन (UK)**

- ब्रिटेन की राजधानी लंदन
- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री - ऋषि सुनक
- ब्रिटेन की Currency - पाउण्ड स्टर्लिंग
- सम्राट - चार्ल्स ।।

**8. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने '15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2023 दौरान ब्रिक्स नेताओं को उपहार प्रदान किए**




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को तेलंगाना की 'सुराही' की एक जोड़ी भेंट की है और दक्षिण अफ्रीका की प्रथम महिला छेपो मोतसेपे को नागालैंड की एक शॉल प्रदान की है
- इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग भी ब्राजीली राष्ट्रपति लुइज इनासिओ लुला दा सिल्वा को भेंट की है

**9. शेरिका जैक्सन 200 मीटर रेस की दूसरी सबसे तेज रनर**



- जमैका की स्प्रिंटर शेरिका जैक्सन 200 मीटर में दुनिया की दूसरी तेज धावक बन गई हैं।
- उन्होंने बुडापोस्ट में हो रहे वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 21.41 सेकेंड का समय ले कर गोल्ड जीता और अपना खिताब बरकरार रखा।
- इसके साथ ही वह फ्लोरेंस ग्रिफिथ के बाद 200 मीटर में दूसरा सबसे कम समय में दौड़ पूरा करने वाली एथलीट बन गई हैं।
- ग्रिफिथ ने 1988 के ओलिंपिक में 21.34 सेकेंड का समय लेकर रिकॉर्ड बनाया था। जैक्सन इससे पहले 100 मीटर में दूसरे स्थान पर रहीं थी ।

**10. पोषण जागरूकता सूचकांक 2023 में पंजाब शीर्ष राज्य के रूप में उभरा**




- 'प्रोटीन का अधिकार' अभियान ने 'पोषण जागरूकता सूचकांक 2023' जारी किया, जो अंतिम उपभोक्ताओं (नागरिकों) द्वारा भारत में जागरूकता, सामर्थ्य और पोषण की पहुंच का आकलन करने वाला एक राज्य-वार सूचकांक है।
- पोषण जागरूकता सूचकांक का उद्देश्य प्रतिबद्धताओं, प्रथाओं और प्रबंधन के संबंध में भारत में पोषण सुरक्षा की दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करना है।
- कुल अंकों के आधार पर, अन्य शीर्ष रैंक वाले राज्य हैं, कर्नाटक (राष्ट्रीय औसत से 9% अधिक), दिल्ली (7% अधिक), उत्तराखंड (6% अधिक) और असम (5% अधिक)।
- **पंजाब के बारे में**
- राजधानी – चंडीगढ़
- मुख्यमंत्री – भगवंत मान
- राज्यपाल – बनवारीलाल पुरोहित

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2023 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार किसे दिया गया है?**
   (a) शाही कबीर
   (b) पंकज त्रिपाठी
   (c) एमएम कीरावनी
   (d) अल्लू अर्जुन
2. **चंद्रमा पर 'चंद्रयान-3' के लैंडिंग स्थल को किस नाम से जाना जाएगा ?**
   (a) विक्रम शक्ति बिंदु
   (b) प्रज्ञान शक्ति बिंदु
   (c) चंद्रयान- 3 बिंदु
   (d) शिव-शक्ति बिंदु
3. **अगस्त 2023 में किस देश ने PM नरेंद्र मोदी को अपने दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है ?**
   (a) इटली
   (b) ग्रीस
   (c) रूस
   (d) ब्राजील
4. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस दिन को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है ?**
   (a) 24 अगस्त
   (b) 23 अगस्त**
   (c) 25 अगस्त
   (d) 26 अगस्त
5. **B20 समिट इंडिया 2023 का थीम क्या है जो हाल ही में नई दिल्ली में शुरू हुआ है?**
   (a) RAISE
   (b) INDIA
   (c) Vasudhaiva Kutumbakam
   (d) One Earth, One Family, One Future
6. **अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 40 साल बाद किस देश की यात्रा करने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री बने है ?**
   (a) तुर्की
   (b) ग्रीस
   (c) फ्रांस
   (d) चीन
7. **किस देश ने भारत के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए 'अलाइव विद अपॉर्चुनिटी' अभियान शुरू किया है ?**
   (a) अमेरिका
   (b) जापान
   (c) ब्रिटेन
   (d) सिंगापुर
8. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने '15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2023 दौरान ब्रिक्स नेताओं को क्या उपहार प्रदान किए है ?**
   (a) बिदरी सुराही
   (b) नागालैंड शॉल
   (c) गोंड पेंटिंग
   (d) उपयुक्त सभी
9. **जमैका की स्प्रिंटर शेरिका जैक्सन 200 मीटर में दुनिया की ____ तेज धावक बन गई हैं?**
   (a) पहली
   (b) दूसरी
   (c) तीसरी
   (d) पांचवी
10. **कौन सा राज्य पोषण जागरूकता सूचकांक 2023 में राष्ट्रीय औसत से 11% अधिक स्कोर करके शीर्ष राज्य के रूप में उभरा है?**
   (a) महाराष्ट्र
   (b) तमिलनाडु
   (c) गोवा
   (d) पंजाब

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (d) | (b) | (b) | (a) | (b) | (c) | (d) | (b) | (d) |